Ans. (b) : ''मरूवाणी'' राजस्थानी भाषा की मासिक पत्रिका है। राजस्थान की प्रमुख पत्र पत्रिकाएँ एवं उनके प्रकाशक निम्नलिखित हैं-

	पत्र-पत्रिका	प्रकाशक
(i)	मरूवाणी	- राजस्थानी प्रचारिणी सभा (जयपुर)
(ii)	नखलिस्तान	- राजस्थान उर्दू अकादमी (जयपुर)
(iii)	मधुमती	- राजस्थान साहित्य अकादमी (उदयपुर)
(iv)	माणक -	माणक प्रकाशन (जोधपुर)
(v)	राजस्थानी गंगा -	राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान (बीकानेर)

707. 1923 में, अजमेर से प्रकाशित राजस्थान सेवा संघ के समाचार पत्र का नाम क्या था?

(a) यंग राजस्थान (b) त्यागभूमि
(c) नवज्योति (d) तरूण राजस्थान

RPSC School Lect. -2020
Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान सेवा संघ की स्थापना वर्धा में वर्ष 1919ई. में अर्जुन लाल सेठी, केसरी सिंह बारहठ एवं विजय सिंह पथिक द्वारा की गई थी। 1920ई. में विजय सिंह पथिक के प्रयास से राजस्थान सेवा संघ को अजमेर स्थानांतरित कर दिया गया। 1922-23ई. में विजय सिंह पथिक ने 'तरूण राजस्थान' नामक समाचार पत्र अजमेर से प्रकाशित किया।

708. 'जागती जोत' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है-

(a) राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर
(b) राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर
(c) राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
(d) राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – 'जागती जोत' पत्रिका का प्रकाशन राजस्थान भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर द्वारा किया जाता है। इस पत्रिका का पहला प्रकाशन वर्ष 1973 में किया गया था।

709. अंग्रेजी पत्र ''पीप'' का संबंध निम्न में से किससे था?

(a) विजय सिंह पथिक (b) जयनारायण व्यास
(c) रामनारायण चौधरी (d) हीरालाल शास्त्री

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : अंग्रेजी पत्र ''पीप'' का सम्बंध राजस्थान के मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास से था। जननारायण व्यास स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, कवि, लेखक, पत्रकार एवं समाज सुधारक रहे हैं। जय नारायण व्यास प्रथम बार 26/4/1951 से 3/3/1952 तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। जयनारायण व्यास स्वतन्त्रता आंदोलन के दौरान वर्ष 1920 में 'मारवाड़ सेवा संघ' की स्थापना की थी। वर्ष 1932 में आगी बाण/अग्नि बाण नामक प्रथम राजस्थानी भाषा का समाचार पत्र का प्रकाशन अजमेर से किया था। वर्ष 1936 में मुम्बई से ''अखण्ड भारत'' दैनिक पत्र निकाला।

710. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

	समाचार-पत्र		प्रकाशन का स्थान
(i)	प्रजा सेवक	(1)	जयपुर
(ii)	नवीन राजस्थान	(2)	अजमेर
(iii)	लोकवाणी	(3)	जोधपुर
(iv)	सज्जन कीर्ति सुधारक	(4)	उदयपुर

कूट-

(a) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4
(b) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4
(c) (i)-4, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-1
(d) (i)-4, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-2

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : सही सुमेलित है-

समाचार पत्र	प्रकाशन का स्थान	वर्ष	सम्पादक
प्रजा सेवक	जोधपुर	1946	अचलेश्वर प्रसाद
नवीन राजस्थान	अजमेर	1921-22	विजय सिंह पथिक
लोकवाणी	जयपुर	1943	देवी शंकर तिवारी
सज्जन कीर्ति सुधाकर	उदयपुर	1876	पं. वंशीधर वाजपेयी

711. 'अमृतम् जलम्' जल संरक्षण अभियान चलाया गया ....।

(a) दैनिक भास्कर द्वारा
(b) टाइम्स ऑफ इण्डिया द्वारा
(c) राजस्थान पत्रिका द्वारा
(d) हिन्दुस्तान टाइम्स द्वारा

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) – 'अमृतम् जलम्' जल संरक्षण अभियान राजस्थान पत्रिका द्वारा चलाया गया। यह अभियान उपेक्षित और परिव्यक्त जल निकायों के जीर्णोद्वार और नवीनीकरण के माध्यम से पानी बचाने पर केन्द्रित है। राजस्थान पत्रिका की स्थापना 7 मार्च, 1956ई. को कर्पूर चन्द्र कुलिश ने की थी। श्री कर्पूर चन्द्र कुलिश जैन धर्म के अनुयायी थे। इस पत्रिका का मुख्यालय जयपुर में है।

712. राजस्थान में पत्रकारिता के 'भीष्म पितामह' हैं-

(a) पं. झाबरमल शर्मा (b) विजय सिंह 'पथिक'
(c) मुनीजितविजय (d) हर विलास शारदा

उत्तर : (b)

व्याख्या - विजयसिंह 'पथिक' (इनका असली नाम भूपसिंह था) ने अपनी पत्रिका के माध्यम से राजस्थान के बिजोलिया आंदोलन को राष्ट्रव्यापी बनाने का गौरव हासिल किया। इसीलिए इन्हें राजस्थान में पत्रकारिता का भीष्म पितामह माना जाता है।

(vii) राजस्थान : लोक देवता, लोक देवियाँ, संत एवं सम्प्रदाय

713. 'कनफटे जोगी' डमरू एवं सारंगी वाद्य यंत्रों के साथ किस देवी के गीत गाते हैं?

(a) जीण माता (b) नागणेची माता
(c) शीतला माता (d) सकराय माता

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : 'कनफटे जोगी' डमरू एवं सारंगी वाध्य यंत्र के साथ जीण माता देवी के गीत गाये जाते हैं। जीणमाता चौहान वंश की कुल देवी मानी जाती है। राजस्थानी लोक साहित्य में जीणमाता का गीत सबसे लंबा है। रैवासा (सीकर) में जीणमाता का मंदिर बना हुआ है।